## केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 दिसंबर 2024 को मध्य प्रदेश के खजुराहो में केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना की नींव रखी।

**प्रमुख बिंदु-**

- यह राष्ट्रीय नदी जोड़ो नीति के तहत पहली परियोजना है।
- यह परियोजना बुंदेलखंड में विकास करेगी।
- **लागत:** इस परियोजना की लागत लगभग 44,605 करोड़ रुपये है।
- **लाभार्थी:** इससे मध्य प्रदेश के 10 जिलों के 44 लाख और उत्तर प्रदेश के 21 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा।
  - इससे **2,000 गांवों के 7.18 लाख किसान परिवारों** को फायदा होगा। साथ ही, **103 मेगावाट जलविद्युत** और 27 मेगावाट सौर ऊर्जा भी बनेगी।
  - केन-बेतवा लिंक परियोजना से किसानों को सिंचाई के लिए भरपूर जल मिलेगा।
  - सूखाग्रस्त बुंदेलखंड क्षेत्र में भूजल स्तर में भी सुधार होगा।
- इस परियोजना के तहत **पन्ना बाघ अभयारण्य में केन नदी पर 77 मीटर ऊंचा और 2.13 किलोमीटर लंबा दौधन बांध** बनाया जाएगा। साथ ही, दो सुरंगें भी बनाई जाएंगी।

- **केन नदी:** केन जिसे कर्णवती भी कहा जाता है। यह यमुना की एक सहायक नदी है जो बुन्देलखंड क्षेत्र से गुजरती है।
- **बेतवा नदी:** यह भारत के मध्य प्रदेश राज्य में बहने वाली एक नदी है। यह यमुना की सहायक नदी है।इसकी सम्पूर्ण लम्बाई 480 किलोमीटर है। यह हमीरपुर के निकट यमुना में मिल जाती है।

## भारत का पहला शून्य अपशिष्ट हवाई अड्डा

मध्य प्रदेश के **इंदौर का अहिल्या बाई होल्कर हवाई अड्डा** भारत का पहला शून्य-अपशिष्ट हवाई अड्डा बन गया।

**प्रमुख बिंदु-**

- हवाई अड्डे पर अपशिष्ट पृथक्करण सुविधा का उद्घाटन किया, साथ ही 55 करोड़ रुपये की लागत से बने **नए हवाई यातायात नियंत्रण टॉवर** का भी उद्घाटन किया।
- सामग्री पुनर्प्राप्ति सुविधा में एक व्यापक अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली है जो **विमान और हवाई अड्डे दोनों से कचरे को रीसायकल करेगी** और गीले कचरे को खाद में परिवर्तित करेगी।
- हवाई अड्डे की शून्य-अपशिष्ट पहल **4R अवधारणा** पर आधारित है: कम करना, पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण, पुनर्स्थापन।


## आदिम जीवों की जीवित रहने की रणनीति

वैज्ञानिकों ने पृथ्वी पर मौजूद कुछ आदिम जीवों की जीवित रहने की रणनीतियों का पता लगाया है।

**प्रमुख बिंदु-**

- प्राचीन जीवों के क्षेत्र **आर्किया** के अध्ययन से वैज्ञानिकों को सूक्ष्म जीवों की जीवित रहने की रणनीतियों के बारे में पता चला है।
- **सूक्ष्म जीव अपनी विष-प्रतिविष (टीए) प्रणालियों** की सहायता से कठिन परिस्थितियों में अपना बचाव करते हैं।
- आर्किया का ग्रीक में अर्थ है "**प्राचीन चीजें**"। यह पृथ्वी पर जीवन के सबसे पुराने रूपों में से एक हैं और जीवन के तीसरे डोमेन नामक समूह से संबंधित हैं।
- कई आर्किया पृथ्वी पर सबसे कठिन वातावरण में रहते हैं। वैज्ञानिको ने यह पता लगाने की कोशिश की कि कैसे कुछ **आर्किया टॉक्सिन-एंटीटॉक्सिन (टीए) सिस्टम** इन जीवों को उच्च तापमान से निपटने में मदद करते हैं।
- आर्किया अन्य जीवित चीजों और पर्यावरणीय कारकों से तनाव से बचने में मदद करने के लिए **विभिन्न टीए सिस्टम** का उपयोग करते हैं। टीए सिस्टम कई बैक्टीरिया और आर्किया में पाए जाते हैं।

- उच्च तापमान वाले वातावरण में जीवित रहने में मदद करने वाले **वैपबीसी4 टीए सिस्टम** का विस्तृत विश्लेषण, गर्मी के तनाव के दौरान इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।
  - जब कोशिका गर्मी के तनाव का सामना करती है, तो एक तनाव-सक्रिय प्रोटीज (जिसे अभी तक आर्किया में पहचाना नहीं गया है) वैपबी4 प्रोटीन को तोड़ सकता है।
  - एक बार **वैपबी4** के चले जाने पर, **वैपसी4** विष निकल जाता है और **प्रोटीन उत्पादन को रोक सकता** है।
  - प्रोटीन उत्पादन में यह अवरोध एक जीवित रहने की रणनीति का हिस्सा है, जो तनाव के दौरान कोशिकाओं को **"स्थायी कोशिकाएं" बनाने में मदद करता** है। ये स्थायी कोशिकाएं आराम की स्थिति में चली जाती हैं, ऊर्जा का संरक्षण करती हैं और क्षतिग्रस्त प्रोटीन बनाने से बचती हैं।



  - यह निष्क्रियता उन्हें पर्यावरण में सुधार होने तक कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने में मदद करती है।

## वीर बाल दिवस कार्यक्रम

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी **26 दिसंबर 2024** को नई दिल्ली स्थित **भारत मंडपम** में बच्चों को देश के भविष्य की नींव के रूप में सम्मानित करने वाले राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम, 'वीर बाल दिवस' में शामिल हुए।

**प्रमुख बिंदु-**

- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने **'सुपोषित पंचायत अभियान'** का शुभारंभ किया। इस अभियान का उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करके और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है।
- साथ ही **MyGov और माई भारत पोर्टल** के जरीये इंटरैक्टिव क्विज़ सहित ऑनलाइन प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला आयोजित गयी।
- इस कार्यक्रम में 14 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के **17 बच्चों** को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा **प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार** दिया गया। इनमें 7 लड़के और 10 लड़कियां शामिल हैं।

## पर्यटन मंत्रालय, वर्षांत समीक्षा-2024

### बुनियादी ढांचे का विकास




- भारत में 2023 में 18.89 मिलियन अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया।
- पर्यटन मंत्रालय ने **स्वदेश दर्शन योजना** के अंतर्गत **5287.90 करोड़ रुपये** की लागत से कुल **76 परियोजनाओं** को मंजूरी दी है, जिनमें से 75 परियोजनाएं भौतिक रूप से पूरी हो चुकी हैं।
- 2023 के दौरान पर्यटन के माध्यम से विदेशी मुद्रा आय (एफईई) बढ़कर 231927 करोड़ रुपये हो गई है।
- 2023 के दौरान कुल 2509 मिलियन घरेलू पर्यटक आए।
- 23 राज्यों में वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों के विकास के लिए पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के तहत 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।
- **स्वदेश दर्शन 2.0** के तहत 793.20 करोड़ रुपये की 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

### प्रचार और विपणन

- भारतीय प्रवासियों को दुनिया भर में अपने गैर-भारतीय मित्रों को भारत दिखाने के लिए आमंत्रित करने के लिए **'चलो इंडिया'** अभियान शुरू किया गया; अभियान के तहत भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों के लिए एक लाख निःशुल्क ई-वीज़ा जारी किए गए।
- **'पर्यटन मित्र** और **पर्यटन दीदी'** पहल की शुरुआत की गई, ताकि प्रमुख पर्यटन स्थलों में स्थानीय लोगों को राजदूत के रूप में सशक्त बनाया जा सके।
- **'देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024'** - सबसे पसंदीदा पर्यटक आकर्षणों की पहचान करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण शुरू किया गया।

- सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव प्रतियोगिता **2024 की 8 श्रेणियों में 36 गांवों को विजेता** के रूप में मान्यता दी गई।
- **अतुल्य भारत कंटेंट हब** की शुरुआत दुनिया भर के पर्यटन और पर्यटन उद्योग को उच्च गुणवत्ता वाली छवियों, वीडियो और अन्य सूचनाओं तक पहुँच प्रदान करने के लिए की गई ।
- भारत के पूर्वोत्तर राज्यों की पर्यटन क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए **पूर्वोत्तर क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मार्ट (आईटीएम)** का 12वां संस्करण 26 से 29 नवंबर, 2024 तक असम के काजीरंगा में आयोजित किया गया।

## चर्चित व्यक्तित्व-उपलब्धि



- **विदेश मंत्री एस जयशंकर**
- उन्हें सार्वजनिक नेतृत्व के लिए साउथ इंडियन एजुकेशन सोसाइटी की ओर से **श्री चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार **चार क्षेत्रों** में दिया जाता हैं।
- पुरस्कार का नाम कांची कामकोटि पीठम के 68वें द्रष्टा स्वर्गीय श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती के नाम पर रखा गया है।

## चर्चित व्यक्तित्व-नियुक्ति



- **न्यायमूर्ति जी.एस. संधावालिया**
- उन्हें **हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय** का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।
- वह वर्तमान में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं।

**न्यायमूर्ति नरेंद्र**

- उन्हें **उत्तराखंड उच्च न्यायालय** का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।
- वह वर्तमान में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश हैं।



- उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीशों की नियुक्ति संविधान के **अनुच्छेद 217** के खंड (1) के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

## चर्चित व्यक्तित्व-वैश्विक

**आइसेक वेलू एके**



- उन्हें **टोंगा** का नया प्रधानमंत्री चुना है।
- वह पूर्व प्रधानमंत्री सियाओसी सोवालेनी का स्थान लेंगे।
- टोंगा **प्रशान्त महासागर** क्षेत्र में स्थित द्वीपीय देश है।
- राजधानी-**नुकुअलोफ़ा**

## महत्त्वपूर्ण दिन/दिवस

**25 दिसंबर**

**सुशासन दिवस**




- भारत में प्रतिवर्ष 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाता है, इस दिन पूर्व **प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती** होती है।
- इस दिवस की शुरुआत **2014 में** भारतीय जनता पार्टी (BJP) द्वारा की गई थी।
- इस वर्ष प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की **100वीं जयंती** है।

**अटल बिहारी वाजपेयी के बारे में-**

- **जन्म -** 25 दिसंबर 1924 को तत्कालीन ग्वालियर रियासत (अब मध्य प्रदेश का एक हिस्सा)।
- वह भारत के पूर्व प्रधान मंत्री थे और **1996** और **1999** में दो बार इस पद के लिए चुने गए थे।
- वाजपेयी को 1994 में सर्वश्रेष्ठ सांसद के लिए **पंडित गोविंद बल्लभ पंत पुरस्कार** से सम्मानित किया गया था।

- उन्हें 2015 में **भारत रत्न** से सम्मानित किया गया था।
- 1992 में उन्हें **पद्म विभूषण** के नागरिक सम्मान से नवाजा गया था।

## अन्य राज्यों से - महत्त्वपूर्ण समसामयिकी

### उत्तराखंड

- उत्तराखंड सरकार ने अपनी नई आबकारी नीति के तहत **वाइन पर्यटन** को बढ़ावा देने के लिए **कोटद्वार** में अपनी पहली वाइन उत्पादन इकाई की आधिकारिक शुरुआत की है।

### बिहार

- बिहार मार्च 2025 में राजगीर स्पोर्ट्स अकादमी में **महिला कबड्डी विश्व कप 2025** की मेजबानी करेगा।
- इसमें भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, नेपाल, पाकिस्तान, ईरान, इंडोनेशिया, श्रीलंका, थाईलैंड, पोलैंड, अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका सहित कुल 14 देशों के भाग लेने की उम्मीद है।
- बिहार दूसरी बार महिला कबड्डी विश्व कप की मेजबानी करेगा, इससे पहले **2012** में **पटना** के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इस आयोजन की मेजबानी की गई थी।

## वैश्विक - समसामयिकी

### नेपाल

- नेपाल में **23 दिसंबर 2024** को नेपाली कांग्रेस (एनसी) के संस्थापक नेताओं में से एक **कृष्ण प्रसाद भट्टाराई** की 101वीं जयंती मनायी गयी।
- राजनीतिक क्षेत्र में वे **किसुनजी** के नाम से लोकप्रिय थे।

### फिलीपींस

- फिलीपींस ने अमेरिका की टाइफॉन मिसाइल प्रणाली खरीदने की योजना की घोषणा की है।

### रूस

- रूसी वैज्ञानिकों ने साइबेरिया के सुदूर याकूतिया क्षेत्र में पिघलते पर्माफ्रॉस्ट में पाए गए **50,000 साल पुराने शिशु मैमथ** के अवशेषों की खोज की है।
- नदी बेसिन के नाम पर इसका नाम "**याना**" रखा गया है।
- इसका वजन **100 किलोग्राम से अधिक** है और जो 120 सेमी लंबा और 200 सेमी लंबा है, माना गयाहै कि जब इसकी मृत्यु हुई थी, तब यह लगभग **एक वर्ष** का था।

## विविध

- भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 20 दिसंबर 2024 को देश की जलवायु प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हरित और टिकाऊ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का समर्थन करने के लिए **500 मिलियन डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर** किए। संप्रभु गारंटी के साथ एडीबी ऋण भारत इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) को दिया जाएगा।
- **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास (आईआईटी मद्रास)** ने एक नया अनुसंधान केंद्र शुरू किया है जिसका उद्देश्य स्मार्टफोन, टैबलेट, घड़ियों और पहनने योग्य उपकरणों के लिए अगली पीढ़ी के AMOLED डिस्प्ले विकसित करना है।
- भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (ADB) ने देश की जलवायु प्रतिबद्धताओं के अनुरूप **हरित और टिकाऊ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं** का समर्थन करने के लिए 500 मिलियन अमरीकी डॉलर (लगभग 4,250 करोड़ रुपये) के ऋण पर हस्ताक्षर किए हैं।

CUSTOMER SERVICE
PW Web/App : https : //smart.link/7wwosivoicgd4